**दिनांक 16.04.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गया जी जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड में 100 आसन वाले राजकीय कल्याण छात्रावास भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

<u>उपस्थितिः-</u>

(i) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अभय कुमार सिंह,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया जी।

(iii) **श्री अखिलेश कुमार,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, गया जी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - गया जी जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड में 100 आसन वाले राजकीय कल्याण छात्रावास भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹4,90,62,000/- (सचिव, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग का ज्ञापांक-273 दिनांक-15.03.2024)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹4,57,21,400/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1552(नि0) अनु0 दिनांक-25.09.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 4,54,50,193/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 4,99,10,115/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-024510(भ0) 25-26 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-18.02.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 18.02.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 10.03.2026 / 17.03.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 24.03.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 25.03.2026 |

11 <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> -

(1) मो0 कमालुद्दिन खान, आरिफ नगर गेवल बीघा, गया जी (Reg. No- 1240194, Class-I, BCD)।
(2) मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया जी (Reg. No.- 1230070, Class-I , BCD)।
(3) मे0 एम0एस0 इंजिकॉन, श्याम सदन, गया जी (Reg. No-119, Class-I, BPBCL)।
(4) डायनेमिक सर्विसिस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No- 1250215, Class-I, RWD)।

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक 16.04.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी द्वारा निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत

समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चार निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गया:-

**प्रथम निविदाकार** मो0 कमालुद्दिन खान, आरिफ नगर गेवल बीघा, गया जी (Reg. No-1240194, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया जी (Reg. No.-1230070, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि मॉ मंगला कंसट्रक्सन, (प्रो0 सुषमा देवी) को कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल-01, गया जी द्वारा ज्ञापांक-86 एवं 87 दिनांक-27.01.2026 को डिबार किया गया है। उक्त की पुष्टि हेतु निर्गत इस कार्यालय के पत्रांक-1018(एस0) दिनांक-13.04.2026 के आलोक में कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र प्रमंडल संगठन कार्य प्रमंडल-01, गया जी के पत्रांक-447 दिनांक-15.04.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "कार्य एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि समाप्त होने के बावजूद पूर्ण नहीं होने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक-86 एवं 87 दिनांक-27.01.2026 द्वारा डिबार किया गया है"। अतः पथ निर्माण विभाग के पत्रांक-533(एस0) दिनांक-23.01.2013 एवं दिनांक-23.11.2021 को भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में तकनीकी बीड में इन्हें **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** मे0 एम0एस0 इंजिकॉन, श्याम सदन, गया जी (Reg. No-119, Class-I, BPBCL) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदाकार द्वारा विद्युतीकरण कार्य हेतु शपथ-पत्र के माध्यम से सबकॉट्रैक्ट किया गया है, साथ ही सबकॉट्रैक्टर का विद्युत संबंधी रजिस्ट्रेशन संलग्न है, परन्तु सबकॉट्रैक्टर का कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) एवं 4.5A(d) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No- 1250215, Class-I, RWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

इस प्रकार चार निविदाकार मे से दो निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं दो निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

13 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मो0 कमालुद्दिन खान, आरिफ नगर

गेवल बीघा, गया जी (Reg. No- 1240194, Class-I, BCD) (2) डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No- 1250215, Class-I, RWD) को **सफल** (3) मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया जी (Reg. No.- 1230070, Class-I , BCD) (4) मे0 एम0एस0 इंजिकॉन, श्याम सदन, गया जी (Reg. No-119, Class-I, BPBCL) को **असफल** घोषित किया गया, साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक- 22.04.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय। यदि किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है तो तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति बैठक कर आपत्ति का निस्तार करेगी यदि किसी प्रकार आपत्ति प्राप्त नही होती है तो मुख्य अभियंता (द0) सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
**(अखिलेश कुमार)**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, गया जी।

ह0/-
**(अभय कुमार सिंह)**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया जी।

ह0/-
**(मनोज कुमार सिंह)**
मुख्य अभियंता (द0),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-112/2025 1064 (5) पटना/दिनांक 17/04/26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/04/26

मुख्य अभियंता (द0)।

16.04.2026